बिहार सरकार

कार्यालय नगर परिषद्, सिवान

नियोजन सूचना संख्या .... /

सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक 30.01.2012 में लिए गए निर्णय के आलोक में कार्यालय नगर परिषद्, सिवान के रिक्त पदों पर 11 (ग्यारह) माह के लिए संविदा के आधार पर नियोजन करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

क्रमांक	पद का नाम	ग्रेड	कुल मासिक परिलब्धि	नियुक्ति का आधार	कुल रिक्ति
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1.	कनीय अभियंता (सिविल)	II	7000/–	संविदा	1
2.	वरीय लिपिक	III	6000/–	संविदा	1
3.	लिपिक	III	6000/–	संविदा	5
4.	विधि लिपिक	III	6000/–	संविदा	1
5.	कर संग्रहकर्त्ता	IV	5000/–	संविदा	5
6.	सफाई कर्मी	IV	4420/–	संविदा	70
7.	कुली	IV	4420/–	संविदा	10
8.	चालक	IV	5000/–	संविदा	1
9.	रिसेप्सनिस्ट (महिला)		5000/–	संविदा	1
10.	मजहरूल हक बस पड़ाव के सुरक्षा हेतु गार्ड	IV	4420/–	संविदा	02

* मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई राशि देय नहीं होगी तथा कार्यदिवस के अनुरूप भुगतान होगा।

2. पात्रता :–

2.1 शैक्षणिक योगयता :– वरीय लिपिक के लिये स्नातक, लिपिक एवं विधि लिपिक के लिये इन्टरमीडिएट तथा कर संग्रहकर्त्ता के लिए मैट्रिक (सेवा निवृत लिपिकों को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी) ।

2.2 उम्र सीमा : दिनांक 01.01.2012 को न्यूनतम 18 वर्ष होगी । अधिकतम उम्र सीमा के संबंध मे नगर परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा ।

2.3 सभी तरह की मूल प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न किया जाएगा तथा साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्रा के साथ उपस्थित होंगे । मूल प्रमाण का फर्जी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

2.4 चालक के पद हेतु अनुभव को वरीयता दी जाएगी तथा आवेदन देते समय चालक की अनुज्ञप्ति अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी ।

2.5 विधि लिपिक के पद हेतु विधि कार्य संबंधित अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

2.6 कनीय अभियंता, सिविल पद हेतु उम्मीदवार को आवेदन के साथ मूल डिग्री की अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अनुभव प्रमाण पत्र भी सत्यापित कर देना होगा

2.7 कर–संग्रहकर्त्ता पद हेतु उम्मीदवार को कर–संग्रहण से संबंधित अनुभव के आधार पर नियोजन किया जाएगा ।

2.8 यदि संविदा आधार पर नियोजन हेतु पूर्व में किसी के द्वारा आवेदन दिया गया हो तो उन्हें पुनः आवेदन देना होगा । पूर्व में दिया गया आवेदन मान्य नहीं होगा ।

2.9 गार्ड के पद पर सेवानिवृत सेना के जवान को प्राथमिकता दी जाएगी ।

2.10 सेवा संतोषमय पाए जाने पर अवधि का विस्तार किया जाएगा ।

3.0 चयन का मापदण्ड – उक्त अर्हताएँ पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किए जाएगा ।

4.0 आवेदन कैसे करें – उक्त अर्हताएँ पूरी करने वाले उम्मीदवार दिये निर्धारित प्रपत्र के अनुसार A4 साईज के कागज पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, सिवान के पते पर दिनांक 09.04.2012 को अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक द्वारा ही प्राप्त किया जाएगा । उक्त अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा । आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि, योगयता, अनुभव एवं जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित) तथा 03 पासपोर्ट आकार का फोटो (राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित) संलग्न करें । लिफाफे के ऊपर पद का नाम पता अवश्य लिखें । कनीय अभियंता, वरीय लिपिक, विधि लिपिक, लिपिक, कर –संग्रहकर्त्ता, रिसेप्सनिस्ट के पद पर आवेदन के साथ 250 रू० का D.D. कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, सिवान से भूगतेय देय होगा । सफाई कर्मी, कुली, चालक तथा गार्ड के पद पर आवेदन के साथ 50 रू० का D.D. कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, सिवान के पदनाम से जो कि सिवान में भूगतेय देय होगा ।

5. अधूरे / अस्पष्ट / गैर निर्दिष्ट विवरण / उम्मीदवार हस्ताक्षरित तथा प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति के बिना आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा

6. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन के पात्र होंगे । सरकारी / अर्द्ध सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से आवेदन करें ।

7. यह नियोजन लघुकालिन संविदा के आधार पर किया जाएगा । भविष्य में स्थायी करने का दावा अनुमान्य नहीं होगा ।

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम : .... 2. आवेदक का नाम : ....
3. पिता का नाम : .... 4. जन्म तिथि .... दिन .... महीना .... वर्ष
5. लिंग : .... 6. धर्म : ....
7. राष्ट्रीयता : .... 8. स्थायी पता : ....
9. पत्राचार का पता : .... 10. ई–मेल आइ०डी० : ....
11. आरक्षण की कोटि : ....
12. शैक्षणिक योग्यता – माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, स्नातक एवं अन्य (प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें)
13. कार्यानुभव (प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न)
14. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि उपर दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी में सत्य है । भविष्य में किसी भी प्रकार की गलती सबित होने पर इसकी पूर्ण जवाबदेही मेरी होगी ।

स्थान ....

तिथि ....

आवेदक का हस्ताक्षर

सू.ज.स.वि.–16115(नि.नि.) 11–12, बिहार

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, सिवान

याद रखें- बिना प्राप्ति रसीद के लिया-दिया गया धन घूस है